# नमूने के प्रश्न–पत्र की योजना 2011 – 2012

कक्षा – XIIth
विषय – समाजशास्त्र — प्रश्न पत्र –
अवधि – 3 घण्टे 15 मिनट — पूर्णांक – 80 अंक

1. उद्‌देश्य हेतु अंकभार –

| क्र.सं. | उद्‌देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | ज्ञान | 25 | 31.25 |
| 2. | अवबोध अर्थग्रहण | 30 | 37.50 |
| 3. | ज्ञानोपयोग / अभिव्यक्ति | 20 | 25.00 |
| 4. | कौशल / मौलिकता | 05 | 6.25 |
| | | 80 | 100 |

2. प्रश्नों के प्रकारवार अंकभार –

| क्र. सं. | प्रश्नों का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रति प्रश्न | कुल अंक | प्रतिशत | संभावित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पात्मक | – | – | – | – | – |
| 2. | अतिलघुत्तरात्मक | 8 | 1 | 08 | 10 | 16 मिनट |
| 3. | लघुत्तरात्मक – I | 6 | 2 | 12 | 15 | 24 मिनट |
| 4. | लघुत्तरात्मक – II | 12 | 3 | 36 | 45 | 72 मिनट |
| 5. | निबंधात्मक – I | 4 | 6 | 24 | 30 | 58 मिनट |
| | | 30 | | 80 | 100.00 | 170 मिनट |

विकल्प योजना : आन्तरिक — पुनरावलोकन :–

3. विषय वस्तु का अंकभार –

| क्र.सं. | विषय वस्तु | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | जनांकिकी संरचना एवं भारतीय समाज | 6 | 7.5 |
| 2 | सामाजिक संस्थाएं नैरन्तर्य एवं परिवर्तन | 6 | 7.5 |
| 3 | बाजार एक सामाजिक संस्था के रूप में | 6 | 7.5 |
| 4 | सामाजिक असमानता एवं अपवर्जन | 6 | 7.5 |
| 5 | सांस्कृतिक विविधता की चुनौतियां | 8 | 10.0 |
| 6 | संरचनात्मक परिवर्तन | 6 | 7.5 |
| 7 | सांस्कृतिक परिवर्तन | 6 | 7.5 |
| 8 | लोकतन्त्र की कहानी | 6 | 7.5 |
| 9 | ग्रामीण समाज में परिवर्तन एवं विकास | 6 | 7.5 |
| 10 | औद्योगिक समाज में परिवर्तन एवं विकास | 6 | 7.5 |
| 11 | भूमण्डलीकरण एवं सामाजिक परिवर्तन | 6 | 7.5 |
| 12 | जनसम्पर्क और संचार | 6 | 7.5 |
| 13 | सामाजिक आंदोलन | 6 | 7.5 |
| | योग | 80 | 100 |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

**नमूने का प्रश्न–पत्र**

**कक्षा–12**

**विषय– समाजशास्त्र**

अनुक्रमांक

**अवधि– 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक 80 अंक**

निर्देशः–
1 सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
2. प्रश्न सं. 1 से 8 तक प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न की उत्तर सीमा अधिकतम 10 शब्दों की है।
3. प्रश्न सं. 9 से 14 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न की उत्तर सीमा अधिकतम 30 शब्दो की है।
4. प्रश्न सं. 15 से 26 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न की उत्तर सीमा अधिकतम 45 शब्दो की है।
5. प्रश्न सं. 27 से 30 तक प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का हैं। प्रत्येक प्रश्न की उत्तर सीमा अधिकतम 200 शब्दो की है।
6. प्रश्न सं. 27 से 30 तक में आन्तरिक विकल्प हैं।

---

**खण्ड 'अ'**

1 वह कौन सा वर्ष था जब जनसंख्या वृद्धि की अपेक्षा प्रथम बार जनसंख्या में गिरावट आई और कितनी ? ½+½= 1

2 स्त्री पुरूष अनुपात से क्या तात्पर्य है ? 1

3 वर्ष 2010 के लिए राष्ट्रीय सामाजिक–जनसांख्यिकी के दो लक्ष्य बताइए। ½+½= 1

4 सत्यशोधक समाज की स्थापना कब और किसने की थी ? ½+½= 1

5 नैशनल प्लानिंग कमेटी के अध्यक्ष कौन थे ? 1

6 गेहूँ की फसल की कटाई पर पंजाब में कौनसा त्यौहार मनाया जाता है ? 1

7 विनिवेश किसे कहते हैं ?
1

8 सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति के कारण पहली बार किसका भूमण्डलीकरण हुआ ? 1

9 भारतीय संविधान का अनुच्छेद 29 किस से संबंधित है ? 2

## खण्ड 'ब'

10 'संस्कृतिकरण' अवधारणा का क्या तात्पर्य है ? 2

11 ' उपनिवेशवाद' क्या है ? 2

12 जमींदारी व्यवस्था के दो परिणाम लिखिए। 1+1= 2

13 आपके विद्यालय में एक कम्प्यूटर शिक्षक की आवश्यकता है, शिक्षक भर्ती हेतु समाचार पत्र मे देने हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए। 2

14 निम्नलिखित पुस्तकों के लेखकों के नाम लिखिए। 1+1= 2

1 राइटिंग्स ऑन इंडियन हिस्ट्री कल्चर एण्ड आइडेनटिटि

2 इंडियाज कम्युनिकेशन रिवोल्यूशन

## खण्ड 'स'

15 वर्ष 2026 तक प्रक्षेपित जनसंख्या के क्षेत्रवार हिस्से (पाई डायग्राम) वृत्त आरेख द्वारा प्रदर्शित कीजिए। 3

16 जाति एवं जनजाति के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

17 'भूमण्डलीकरण' से आप क्या समझते हैं ? 3

18 'उदारीकरण' से क्या तात्पर्य है ? 3

19 औद्योगिकरण से क्या आशय है ? 3

20 आधुनिकता की तीन विशेषताएँ बताइए। 1+1+1= 3

21 पश्चिमीकरण के दो प्रभाव लिखिए। 1½+1½= 3

22 स्वतंत्रता के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक सम्बंधो की प्रकृति में कौन–कौन से परिवर्तन आए हैं ? 1+1+1= 3

23 बीड़ी कैसे बनती है और कैसे अभिसाधित होकर बीड़ी कामगार के पास पहुँचती है ? 1½+1½= 3

24 भूस्थानीकरण का अर्थ बताइए। भूस्थानीकरण का उदाहरण देकर समझाइए। 3

25 चिपको आन्दोलन की शुरूआत कैसे हुई ? 3

26 कृषक व नवकिसान आंदोलनों के मध्य अन्तर बताइए। 1½+1½= 3

## खण्ड 'द'

27 अस्पृश्यता क्या है ? अस्पृश्य जातियों के प्रति भेदभाव मिटाने के लिये उठाए गये कदमों का वर्णन कीजिए।

3+3= 6

अथवा

20 वीं सदी के आरम्भिक वर्षों में महिला अधिकारों की दिशा मं कौन कौन से कार्य किए गए और महिलाओं की समस्याओं से सम्बंधित कौन से मुद्दे प्रमुख रहे थे ?

3+3= 6

28 '' ग्रामीणों की आवाज को सामने लाने में 73 वां संविधान संशोधन अत्यन्त महत्वपूर्ण है''। व्याख्या कीजिए।

6

अथवा

संविधान सभा की बहस के अंशो का अध्ययन कीजिए। हित समूह को पहचानिए।

समकालीन भारत में किस प्रकार के हित समूह हैं ? वे कैसे कार्य करते हैं ? 1½x4=6

29 समाचार पत्र उद्योग में जो परिवर्तन हो रहे हैं, उनकी रूपरेखा प्रस्तुत करें, इन परिवर्तनों के बारे में आपकी क्या राय है ?

3+3= 6

अथवा

आधुनिक मास मीडिया के प्रारम्भ पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। 6

30 भारत में सांस्कृतिक विविधता को स्पष्ट कीजिए '' भारत एक लोकतान्त्रिक राष्ट्र–राज्य है''। स्पष्ट कीजिए ।

3+3= 6

**अथवा**

धर्म निरपेक्षता का क्या अर्थ है ? धर्म निरपेक्षता के सम्बंध में पश्चिमी और भारतीय दृष्टिकोण के बीच अन्तर को बताते हुए वर्णन कीजिए।

1+5= 6

## उत्तर तालिका

समय 3.15 घण्टे | कक्षा–XII विषय–समाजशास्त्र | M.M. 80

परीक्षकों के लिए उत्तर तालिका अंक योजना एवं मूल्यांकन निर्देश

| क्र.स. | अपेक्षित उत्तर | अंक विभाजन | अंक | पाठ्यपुस्तक की पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सन् 1921 मे 0.30 % की गिरावट | ½x2 | 1 | |
| 2 | किसी क्षेत्र विशेष में किसी निश्चित अवधि के दौरान प्रति 1000 पुरूषों के पीछे स्त्रियों की संख्या | | 1 | |
| 3 | 1 शिशु मृत्यु दर को प्रति 1000 जीवित शिशु जन्म के पीछे 30 के स्तर पर लाया जाए।<br>2 संचारी रोगो का निवारण व नियन्त्रण किया जाए। | ½x2 | 1 | |
| 4 | सन् 1874 में ज्योतिराव गोविन्दराव फूले ने | | 1 | |
| 5 | जवाहर लाल नेहरू | | 1 | |
| 6 | बैशाखी | | 1 | |
| 7 | सरकार सार्वजनिक कम्पनियों के शेअर्स को निजी क्षेत्र की कम्पनियों को बेचने का जो प्रयास कर रही है। | | 1 | |
| 8 | वित्त का | | 1 | |
| 9 | अल्पसंख्यकों एवं सांस्कृतिक विविधता | 1x2 | 2 | 139 Part-I |
| 10 | संस्कृतिकरण अवधारणा | | 2 | 50-51 Part-I |
| 11 | उपनिवेशवाद | | 2 | 4-6 Part-II |
| 12 | जमींदारी व्यवस्था के दो परिणाम | 1x2 | 2 | 62 Part-II |
| 13 | स्व विवेक से – विज्ञापन | | 2 | 76 Part-II |
| 14 | 1 अमर्त्य सेन<br>2 सिंघल, अरविंद एण्ड ई. एम. रोजर्स | 1x2 | 2 | 111Part-II |
| 15 | पाई डायग्राम प्रतिशतता रंगीन राज्यों के हिस्से | | 3 | 22 Part-I |
| 16 | जाति एवं जनजाति में तीन अन्तर | 1x3 | 3 | 44-53 Part-I |
| 17 | भूमण्डलीकरण अर्थ– अभिप्राय, उदाहरण | 1x3 | 3 | 77-78 Part-I |
| 18 | उदारीकरण– अर्थ, आशय, प्रभाव | 1x3 | 3 | 81,82 Part-I |
| 19 | औद्योगीकरण–अर्थ, आशय, प्रभाव | 1x3 | 3 | 7,12 Part-I |
| 20 | आधुनिकता की तीन विशेषताएं | 1x3 | 3 | 31,32 Part-II |
| 21 | पश्चिमीकरण के दो प्रभाव | 1½x2 | 3 | 26-27 Part-II |
| 22 | ग्रामीण क्षेत्रों मे सामाजिक सम्बंधो की प्रकृति में आए तीन परिवर्तन | 1x3 | 3 | 65 Part-II |
| 23 | बीड़ी बनाने की प्रक्रिया, कामगार तक पहुँचने की प्रक्रिया | 1½x2 | 3 | 86-87 Part-II |
| 24 | अर्थ, उदाहरण | 1½x2 | 3 | 107 Part-II |
| 25 | चिपको आन्दोलन की शुरूआत | | 3 | 146-147 Part-II |
| 26 | कोई दो अन्तर | 1½x2 | 3 | 147-149 Part-II |
| 27 | अस्पृश्यता अर्थ,उठाये गये कदम<br>अथवा<br>महिला अधिकारों की दिशा में कार्य, प्रमुख मुद्दे | 3x2<br><br>2x3 | 6<br><br>6 | 95-101 Part-I<br><br>106-111 Part-I |
| 28 | व्याख्या– 73 वा संशोधन<br>अथवा<br>बहस,हित समूह प्रकार, कार्य | 6<br><br>1½x4 | 6<br><br>6 | 47-52 Part-II<br><br>42-44 Part-II |
| 29 | रूपरेखा–राय | 3x2 | 6 | 122-128 Part-II |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अथवा<br>संक्षिप्त लेख | 6 | 6 | 116-118Part-II |
| 30 | अर्थ, वर्णन<br>अथवा<br>अर्थ, वर्णन | 3+3 | 6 | 128 Part-I<br><br>142 Part-I |